# हरिभूमि रोहतक भूमि

रोहतक, सोमवार, 26 जनवरी 2026


तापमान

अधिकतम 19 .2 डिग्री
न्यूनतम 1.9 डिग्री



8 इंडस पब्लिक स्कूल में मेगा स्कॉलरशिप परीक्षा में उमड़ी विद्यार्थियों की भारी भीड़






## राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के लिए रोहतक की टीम में 18 बच्चों का हुआ चयन

**रोहतक।** 19 वीं हरियाणा राज्य स्तरीय जूनियर और सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता के लिए रोहतक की टीम में 18 बच्चों का चयन हुआ। इसमें 9 बच्चे जाट स्कूल में छात्र है। यह प्रतियोगिता नरवाना में ओयोजित की जाएगी। जिले की टीम का चयन हॉकी एसोसिएशन की ओर से लगाए गए कैंप में हुआ। हॉकी कोच शत्रुंजय सैनी ने बताया कि इस सब का श्रेय जाट शिक्षण संस्थान के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना एवं पूर्व हाकी प्रशिक्षक कृष्ण सिंह सैनी को जाता है। जो जाट कॉलेज में हॉकी को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना को भी विकसित करते हैं। इस अवसर पर दिमाना ने खिलाड़ियों को नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
















## रोहतक जिले में 30 दिन में 10 प्रतिशत ही बनी फार्मर आईडी

# किसानों की एग्रीस्टैक आईडी में रोड़ा बना आधारकार्ड और राजस्व विभाग का रिकॉर्ड

अमरजीत एस गिल. ▶▶| रोहतक

किसानों को भविष्य में एग्रीस्टैक (फार्मर आईडी) पर ही सरकार खेती-किसानी का अनुदान देगी। आईडी बनाने की प्रक्रिया गत 25 दिसंबर को सुशासन दिवस से शुरू हुई। जिले में कुल 412528 बुकेट हैं। इनमें से अभी तक 42000 बुकेट की आईडी बनी है। यानी के तकरीबन 10 प्रतिशत काम हुआ है। अब कई दिन से कार्य की गति मंथर हो गई। वजह है कि आधारकार्ड और राजस्व विभाग में डाटा मैच नहीं हो रहा है। नमूने के तौर पर इसे ऐसा समझा जा सकता है कि किसी व्यक्ति को नाम आधारकार्ड में रमेश कुमार है। जबकि उसकी खेती की जमीन में उनका नाम केवल रमेश है। जब तक आधारकर्ड और जमीन के रिकॉर्ड में नाम एक जैसा नहीं होगा, तब फार्मर आईडी बन नहीं सकती। आधार कार्ड और जमीन के कागजात में नाम की स्पेलिंग पिता/पति का नाम खतौनी में पिता का नाम और आधार में पति का नाम होना या स्पेलिंग अलग अलग नहीं होनी चाहिए। बताया जा रहा है कि आवासीय पते भी मैच नहीं हो रहे हैं। जमीन के रिकॉर्ड और आधार कार्ड के पते में अंतर होने से भी आईडी नहीं बनेगी।

### यह है समाधान

समस्या के समाधान के लिए संबंधित पटवारी या गिरदावर से मिलकर राजस्व रिकॉर्ड में नाम सुधरवाएं। इसके बिना आईडी नहीं बनेगी। और आईडी नहीं बनेगी तो सरकार से किसी भी प्रकार का अनुदान भी नहीं मिलेगी। क्योंकि निकट भविष्य में सरकार आईडी के आधार पर ही खेती किसानी को सब्सिडी प्रदान करेगी। इस डिजिटल पहचान से भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ सीधा मिलेगा, लेकिन फिलहाल पंजीकरण में आ रही दिक्कतों के कारण प्रक्रिया सुस्त चल रही है। पीएम किसान पोर्टल/नजदीकी कैंपों के माध्यम से आधार अनुसार जानकारी अपडेट करें।

### प्रक्रिया को जानें

राजस्व रिकॉर्ड (खतौनी) सुधारः अपने क्षेत्र के लेखपाल या पटवारी से संपर्क कर खतौनी में नाम आधार के अनुसार सही करवाएं। आधार अपडेट यदि आधार में नाम गलत है, तो नजदीकी आधार केंद्र पर जाकर उसे जमीन के रिकॉर्ड के अनुसार सही करवाएं। बताया जा रहा है कि डाटा मैच न होने की इस समस्या से प्रशासनिक अधिकारी कई दिन से वाकिफ हैं। लेकिन अभी तक समाधान नहीं किया गया है। क्योंकि एग्रीस्टैक पोर्टल केंद्र सरकार ने बनाकर हरियाणा सरकार को भेजा है। इस पोर्टल में कोई फेरबदल किया जाएगा तो वह भारत सरकार द्वारा ही।

### हो सकता है बखेड़ा

गांव में पंचायत स्तर इस समस्या के समाधान के लिए प्रशासन की तरफ से शिविर लगने चाहिएं। प्रशासनिक अधिकारी दावा कर रहे हैं कि अगर रिकॉर्ड में 80 प्रतिशत तक समानता है तो आईडी बन जाती है। लेकिन ये बिल्कुल भी सच नहीं है। नाम में अगर थोड़ा सा भी अंतर है तो पोर्टल में नाम पंजीकरण का अगला ऑप्शन आता ही नहीं है। ध्यान ये भी रहे कि स्कीम के बारे में फिलहाल तक किसानों को ज्यादा जानकारी नहीं है। जब ये पॉपुलर होगी तो फिर जब आईडी डाटा मैच न होने के कारण नहीं बनेंगी तो किसान बखेड़ा करते देर भी नहीं लगाएंगे।



### आधारकार्ड डाटा में बदलाव नहीं कराएंगे

आधारकार्ड के नाम पते और दूसरी जानकारियों में किसान किसी भी सूरत में बदलाव नहीं करवाएंगे। वजह है कि अगर आधारकार्ड में परिवर्तन करा लिया तो फिर सभी दस्तावेजों में करवाना पड़ेगा। इतनी बड़ा जोखिम एक भी किसान लेगा नहीं। क्योंकि आधारकार्ड बैंक एकाउंट, परिवार पहचान पत्र, वोट कार्ड समेत दूसरे सरकारी दस्तावेजों से जुड़ा। बच्चों के रिकॉर्ड भी आधारकार्ड से ही लिंक हैं। ऐसे में किसानों के पास केवल एक ही विकल्प है कि वे राजस्व विभाग में अपना रिकॉर्ड आधारकार्ड के मुताबिक कराएं। और राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में नाम आदि में बदलाव कराना कोई पहाड़ लांघने से कम नहीं है।

### क्या है एग्रीस्टैक

एग्रीस्टैक आईडी, जिसे 'फार्मर रजिस्ट्री' या 'किसान पहचान पत्र' भी कहा जाता है, केंद्र सरकार की एक पहल है, जो किसानों को उनकी भूमि, फसल और सरकारी योजनाओं के साथ जोड़कर एक विशिष्ट पहचान बनाती है। यह आधार-लिंक डेटाबेस के माध्यम से पीएम किसान, फसल बीमा और ऋण का सीधा लाभ सुनिश्चित करेगा, ऐसा सरकार का कहना है।

### महिलाओं का डाटा नहीं होता मैच

किसी भी लड़की की शादी होने पर उसके आधारकार्ड का पता समेत दूसरी जानकारियां ससुराल के मुताबिक हो जाती हैं। यानी के पिता के नाम की जगह पति का नाम और पता। ऐसे में अब महिलाएं जब आईडी बनाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों के पास जाती हैं तो आईडी नहीं बन रही। क्योंकि डाटा मैच नहीं होता। ध्यान रहे कि एक मुरब्बा में 25 एकड़ जमीन होती है। इस जमीन के जितने भी मालिक होंगे, वे सभी बुकेट कहलाएंगे। रोहतक जिले में 412528 बुकेट हैं।



रोहतक। मन की बात कार्यक्रम सुनते भाजपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## स्टार्टअप से युवा वर्ग का जीवन बन रहा सुविधाजनक : डॉ रंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- मन की बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देश की जनता से सीधा संवाद है, जो हर वर्ग को प्रेरणा देने का कार्य करता है
- कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के सभी प्रकोष्ठों के जिला प्रभारी डॉ. अशोक कुमार रंगा ने की

जिले के गांव कटेसरा स्थित गौशाला परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के सभी प्रकोष्ठों के जिला प्रभारी डॉ. अशोक कुमार रंगा ने की। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और पूरे ध्यानपूर्वक मन की बात कार्यक्रम सुना।कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए डॉ. अशोक कुमार रंगा ने कहा कि मन की बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देश की जनता से सीधा संवाद है, जो हर वर्ग को प्रेरणा देने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने विचारों के माध्यम से मातृशक्ति के सम्मान, गांवों के सर्वांगीण विकास, स्वच्छता अभियान, आत्मनिर्भर भारत और गौ-संरक्षण जैसे विषयों को राष्ट्रीय आंदोलन का रूप दिया है।

डॉ. रंगा ने केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने गरीब, किसान, मजदूर और महिलाओं के कल्याण के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। आज युवा वर्ग उन्हीं की प्रेरणा से नए स्टार्टअप के माध्यम से देश की तस्वीर बदलने का काम कर रहे तथा आम जन को नई सुविधा मिल रही हैं। डॉ. अशोक कुमार रंगा ने कहा कि हरियाणा सरकार की जी रामजी योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है।

### 200 से अधिक फोटोग्राफर मीट में हुए शामिल

रोहतक। रोहतक फोटोग्राफर संघ के 7 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रविवार को स्थानीय एक गार्डन में एक भव्य सर्टिफिकेशन एवं किट डिस्ट्रीब्यूशन मीट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के 200 से अधिक फोटोग्राफर्स शामिल हुए। कार्यक्रम में आशीर्वाद देने पहुंचे पुरी धाम के स्वामी करण पुरी महाराज ने संघ के सामाजिक कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष संजीव ढल जिस निस्वार्थ भाव और ऊर्जा के साथ 24 घंटे अपने साथियों और समाज की सेवा में समर्पित रहते हैं, वह साक्षात 'हनुमान' के सेवा भाव के समान है। बतौर मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी उद्योगपति राजेश जैन ने संस्था के अनुशासन की प्रशंसा की। एलपीएस बोसार्ड और संघ के सहयोग से फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

## इंडस पब्लिक स्कूल में मेगा स्कॉलरशिप परीक्षा में उमड़ी विद्यार्थियों की भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



इंडस पब्लिक स्कूल में रविवार सुबह से ही चहल-पहल थी। यह अवसर था मेगा स्कॉलरशिप परीक्षा के आयोजन का, इसमें रोहतक शहर के अलावा आसपास के गांवों सुनारियां, खरावड, इस्माईला, दतौड, अटायल, बालियाणा आदि के छात्रों ने बड़े ही उत्साह के साथ रुचि पूर्वक ढंग से भाग लिया। विद्यालय में सुबह 8:00 बजे से ही रजिस्ट्रेशन के लिए अभिभावकों व छात्रों की लंबी कतारें लग गई, प्रत्येक को अपनी बारी का इंतजार था। मेगा परीक्षा के पश्चात छात्रों के साथ-साथ उनके माता-पिता ने भी विद्यालय का भ्रमण किया। उन्होंने बड़ी ही उत्सुकता के साथ सभी प्रयोगशालाएं, खेल के मैदान, स्विमिंग पूल,अटल लैब, अत्याधुनिक ऑडिटोरियम व पुस्तकालय का निरीक्षण किया। छात्रों ने बड़े ही अनोखे अंदाज में विद्यालय के अध्यापकों से अपने अनेक प्रश्नों के उत्तर जाने। खिली हुई धूप में छात्रों ने घुड़सवारी का आनंद लिया।

पीपीटी द्वारा विद्यालय में पढ़ाई व खेल तथा अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों की उपलब्धियों के बारे में जानकर अति हर्षित हुए। अभिभावकों ने विद्यालय के अध्यापकों व छात्रों की खूब सराहना की। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉक्टर एकता सिंधु ने कहा कि मेगा स्कॉलरशिप परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई के खर्च को कम करने और टैलेंट दिखाने का एक बेहतरीन अवसर है। यह न केवल वित्तीय सहायता देता है बल्कि छात्रों की क्षमता को भी परखता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कुमार वशिष्ठ ने बताया कि मेगा परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने पर छात्रों को 100% तक स्कॉलरशिप मिल सकती है।

## श्रद्धा व सामाजिक सरोकारों के साथ मनाई छोटूराम जयंती

- समाजहित में उल्लेखनीय योगदान के लिए जाट शिक्षण संस्था की कार्यकारिणी और पद्मश्री संतराम देशवाल को मिला विशेष सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

छोटूराम मैमोरियल सोसाइटी की ओर से छोटूराम जयंती समारोह श्रद्धा और सामाजिक सरोकारों के साथ मनाया गया। छोटूराम धर्मशाला में आयोजित हवन यज्ञ में सोसाइटी की चेयरपर्सन एवं पूर्व विधायक प्रेमलता सहित अनेक गणमान्य लोगों ने आहुति डालकर विश्व कल्याण की कामना की।

समारोह के दौरान समाजहित में उल्लेखनीय योगदान के लिए जाट शिक्षण संस्था की कार्यकारिणी और पदमश्री संतराम देशवाल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना, उपप्रधान धर्मराज और महासचिव नवनीत सिंह उर्फ मोनू को एक लाख रुपये की सम्मान राशि प्रदान की गई। यह सम्मान संस्था द्वारा जाट शिक्षण संस्था परिसर स्थित सर छोटूराम की समाधि के जीर्णोद्धार पर लगभग डेढ़ करोड़ रुपये व्यय किए जाने के लिए दिया गया। वहीं पद्मश्री संतराम देशवाल को 11 हजार रुपये भेंट किए गए। सोसाइटी के कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह धनखड़ ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मीडिया प्रभारी एडवोकेट अमित काजल ने बताया कि कार्यक्रम में एमडीयू के पूर्व कुलपति हरस्वरूप चहल, पूर्व विधायक ओमप्रकाश बेरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।





रोहतक। छोटूराम जयंती कार्यक्रम में उपस्थित समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि




रोहतक। मायना गांव में आयोजित शिविर में मौजूद विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### जल संरक्षण व स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया

रोहतक। महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा मायना गांव में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन की शुरुआत रविवार को योग सत्र के साथ की गई। योग सत्र का उद्देश्य स्वयंसेविकाओं में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। इसके उपरांत सोनिया मल्हान ने स्वयंसेविकाओं को आकर्षक एवं रचनात्मक लिफाफे बनाना सिखाया गया। सभी स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कला प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। इसके बाद स्वयंसेविकाओं ने गांव में जागरूकता रैली के लिए निकलीं। रैली के माध्यम से उन्होंने ग्रामीणों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, जल संरक्षण व स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया। पर्यावरण संरक्षण पर स्लोगन सेटिंग प्रतियोगिता तथा जल संरक्षण पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में स्वयंसेविकाओं ने पर्यावरण एवं जल संरक्षण से संबंधित रचनात्मक विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

### दिवंगत रोहित धनखड़ के घर पहुंच की शोक संवेदना व्यक्त

रोहतक। राष्ट्रीय जाट महासभा भारत की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को हरियाणा प्रदेश कार्यालय सावित्री भवन में संपन्न हुई। महासभा ने अंतरराष्ट्रीय बॉडी बिल्डर रोहित धनखड़ की हत्या के मामले में भी प्रशासन की सुस्त कार्रवाई पर असंतोष जताया। सचिन सरोहा ने मांग की कि सभी आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो। संवाददाता सम्मेलन के बाद चौधरी सचिन सरोहा ने दिवंगत रोहित धनखड़ के निवास स्थान हुमायूपुर पहुंचकर उनके परिवार से मुलाकात की और शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर संगठन की मजबूती के लिए प्रदेश अध्यक्ष राम किशन पावड़िया और युवा प्रदेश अध्यक्ष मोहित मलिक की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कई नए पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपे गए। कार्यक्रम में चंचल नांदल, देवेन्द्र खात्री, अशोक मलिक, और मुकेश चौधरी सहित सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






रोहतक। पौधारोपण करते डॉ. फुलसिंह ढाका व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### एनएसएस के विशेष सात दिवसीय शिविर का आयोजन

रोहतक। राजकीय महिला महाविद्यालय, लाखनमाजरा में एनएसएस के विशेष सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन सामाजिक जागरूकता एवं स्वास्थ्य से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः योग एवं ध्यान सत्र से हुई। हार्टफुलनेस केंद्र से डॉ. फुलसिंह ढाका ने ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात नर्सिंग ऑफिसर मिस अंजलि ने मासिक धर्म स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण विषय पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर पौधारोपण, नशा-मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक, रैली तथा गांव लाखनमाजरा में सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण भी किया गया।सभी गतिविधियाँ एनएसएस प्रभारी डॉ. मनीषा एवं डॉ. बलजीत कौर के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुईं, जिनका उद्देश्य छात्राओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना रहा।

### गांव लाहली में ग्रामीणों को मतदान के प्रति किया जागरूक

रोहतक। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी के सहयोग से गांव लाहली में चुनावी जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों के बीच डोर-टू-डोर संपर्क अभियान चलाया गया, जिसके माध्यम से लोगों को गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता आशुतोष कौशिक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और अपने मत का प्रयोग कर ही एक मजबूत सरकार का गठन किया जा सकता है। मजबूत सरकार ही किसी भी देश के विकास के लिए आवश्यक होती है, इसलिए सभी मतदाताओं को जाति, पाति और धर्म से ऊपर उठकर निष्पक्ष एवं शिक्षित प्रतिनिधियों का चयन करना चाहिए।अधिवक्ता आशुतोष कौशिक ने मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया, दिव्यांग मतदाताओं के मतदान अधिकार, नोटा के प्रयोग, चुनाव से संबंधित अपराधों तथा निष्पक्ष मतदान से जुड़ी कानूनी जानकारियां भी साझा कीं। इस अवसर पर पीएलवी सुनीता देवी, गांव के चौकीदार समेम ग्रामीण उपस्थित रहे।




रोहतक। ग्रामीणों के बीच डोर-टू-डोर संपर्क अभियान चलाते जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## शिक्षा से वंचित 367 बच्चों को लाया जाएगा मुख्य धारा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक।

शिक्षा विभाग ने विद्यालय छोड़ने वाले बच्चों को सर्वे के माध्यम से चिन्हित कर लिया है। सर्वे के दौरान विभाग ने 180 लड़के व 187 लड़कियों व कुल अलग-अलग आयु के 367 बच्चे शामिल हैं। विभाग की ओर से इन बच्चों को ब्रिज कोर्स के माध्यम से शिक्षा की मुख्यधारा में लाया जाएगा। पिछले साल 350 बच्चे मिले थे। शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के लिए शिक्षा विभाग के शिक्षकों व वॉलंटियर्स ने एक से 19 जनवरी तक हर स्तर पर ड्रॉपआउट बच्चों के लिए सर्व शुरू किया था। सर्वे में 7 से 10 व 11 से 14 वर्ष की आयु वाले स्कूल न जाने वाले विद्यार्थियों को पहचाना। जिला अधिकारियों ने बताया कि विभाग का लक्ष्य है कि बच्चे नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित हों। ड्रॉपआउट सर्वे रिपोर्ट अनुसार जिले में कुल 367 बच्चे में से 180 लड़के व 187 लड़कियां मिली हैं।

### सर्व हुआ पूरा

मुख्यालय के आदेशानुसार जिले में ड्रॉपआउट का सर्वे पूरा कर लिया है। अब सत्र 2026-27 के लिए बच्चों के ब्रिज कोर्स की तैयारी शुरू की जाएगी ताकि उनका कक्षाओं में दाखिला भी हो सके। ड्रॉपआउट सर्वे रिपोर्ट अनुसार जिले में कुल 367 बच्चे में से 180 लड़के व 187 लड़कियां मिली हैं।

-सुमन हुड्डा, जिला समन्वयक, समग्र शिक्षा, रोहतक।

**निर्णय** कार्यवाही को 'सभासार' पोर्टल पर अपलोड करना किया गया अनिवार्य

# 40 प्रतिशत कोरम विवाद के बीच आज होंगी विशेष ग्रामसभाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सोमवार 26 जनवरी को पंचायतों में विशेष ग्रामसभाएं कराने का निर्णय सरकार ने लिया है। इन ग्रामसभाओं में लोगों की हाजिरी कितनी होती है, ये सबसे दिलचस्प पहलू होगा। क्योंकि कई दिनों से राज्य में ग्रामसभाओं में लोगों की हाजिरी पहली बार अधिसूचित किए गए कार्यक्रम के मुताबिक 40 प्रतिशत होना जरूरी को लेकर विवाद बना हुआ है। तय कार्यक्रम के मुताबिक विशेष ग्राम सभा का आयोजन हरियाणा सरकार के विकास एवं पंचायत विभाग के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस पर होगा। इस ग्राम सभा में 'मेरा गांव मेरी धरोहर' अभियान के तहत गांव की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत से जुड़ी जानकारी पर चर्चा कर उसे दर्ज किया जाएगा। ग्राम सभा की पूरी कार्यवाही को 'सभासार' पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। जिससे बैठक की कार्यवृत्त स्वतः तैयार होगी और पारदर्शिता बनी रहेगी। सरकार का उद्देश्य गांवों की धरोहर को संरक्षित करना और डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करना है। जानकार लोग कहते हैं कि 40 प्रतिशत की हाजिरी गणतंत्र दिवस पर आयोजित ग्रामसभाओं में होगी, ये असंभव है। आज तक तो 10 प्रतिशत लोग ग्रामसभा में उपस्थित हुए नहीं, ऐसे में 40 फीसदी का कोरम पूरा होगा कैसे।

### सामाजिक संरचना नियम के अनुरूप नहीं

गांवों की सामाजिक संरचना इस नियम के अनुरूप नहीं है। बड़ी संख्या में युवा नौकरी, मजदूरी या सेना में बाहर रहते हैं। ग्राम सभा बुलाने पर नौकरीपेशा और कामगार वर्ग की उपस्थिति संभव नहीं हो पाती। कई जिलों में पहली बैठक में आने वाले ग्रामीण दूसरी बैठक में आने से मना कर देते हैं। 26 जनवरी को राजपत्रित अवकाश है। नौकरी पेश वालों की छुट्टी है, पर इसके बावजूद 40 प्रतिशत लोग ग्रामसभा में पहुंचेंगे, ये बड़ा प्रश्न खड़ा हो चुका है।

### टकराव का कारण बना

ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से लाया गया 40 प्रतिशत कोरम का नियम अब सरकार और सरपंचों के बीच सीधी टकराहट का कारण बन गया है। सरकार इसे 'ग्राम संसद' को मजबूत करने की पहल बता रही है, जबकि सरपंच इसे गांवों के विकास पर ब्रेक मान रहे हैं। सरपंचों का कहना है कि पंचायतों में ग्राम सभा के नये कोरम नियम के कारण विकास प्रस्ताव तैयार नहीं हो पा रहे हैं। कई सरपंच संगठनों का तर्क है कि जिन गांवों में सरपंच का चुनाव 15-25 प्रतिशत मतों से हुआ, वहां अब ग्राम सभा में 40 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य करना जमीनी हकीकत से परे है।

### पहल अच्छी, पर जमीनी हकीकत अलग

सरकार का कहना है कि पुराने नियमों में फर्जी बैठकों व हस्ताक्षरों की शिकायतें आम थीं। 40 प्रतिशत कोरम से 'कागजी पंचायतों' पर रोक लगेगी। डिजिटल हाजिरी, वीडियोग्राफी और बायोमेट्रिक उपस्थिति से पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। सरकार का पक्ष है कि ग्राम सभा की बैठकों में 40 प्रतिशत मतदाताओं की अनिवार्य उपस्थिति से विकास कार्यों पर सामाजिक निगरानी बढ़ेगी। कोई भी प्रस्ताव अब कुछ लोगों की मौजूदगी में कागजों पर पारित नहीं होगा। गणतंत्र दिवस पर होने जा रही विशेष ग्रामसभा की कार्यवाही को सभासार पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी 142 सरपंच को दिए हैं। ग्राम सचिव को भी कहा गया कि वे किसी भी तरह से गामसभा को लेकर कोताही न बरतें।


LPSBOSSARD
Proven Productivity
आप सभी देशवासियों को
77 वें
HAPPY Republic Day
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
भारतीय लोकतंत्र विश्व के लोकतांत्रिक देशों में एक अत्यंत सशक्त और प्रभावशाली व्यवस्था है, जिस पर प्रत्येक भारतीय को गर्व है।
आओ हम सब मिलकर विश्व शांति के लिए प्रार्थना करें।
राजेश जैन
एम डी, एल पी एस बोसार्ड
अटल समाजसेवी शिखर सम्मान से सम्मानित
वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ
हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी
प्राकृतिक खेती अपनाएं और जहर मुक्त भोजन खाएं
गीले, सूखे कचरे व प्लास्टिक के लिए अलग-अलग कूड़ेदान का उपयोग करें
LPSBOSSARD
Proven Productivity
UPS LAKSHMI
BP Jain Skill Development Centre

# गोयल विंटर क्रिकेट कप : चौधरी बख्तावर क्रिकेट क्लब ने मारी बाजी

**रोहतक।** विश्वकर्मा क्रिकेट ग्राउंड पर रविवार को खेले गए गोयल विंटर क्रिकेट कप के मैच में चौधरी बख्तावर सिंह क्रिकेट क्लब ने देसी बॉयज एकादश को 26 रन से हराया। रमेश लाला ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए सात विकेट लिए व मैन ऑफ द मैच चुने गए। पहले

## रमेश लाला ने लिए सात विकेट

बल्लेबाजी करते हुए चौधरी बख्तावर सिंह क्रिकेट क्लब की टीम केवल 15 ओवरों में 66 रन पर ऑलआउट हो गई। बख्तावर टीम की ओर से सोनू मलिक ने सबसे अधिक 24 रन बनाए। देसी बॉयज की ओर से राहुल ने तीन व प्रमोट ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए देसी बॉयज की टीम चौधरी बख्तावर सिंह क्रिकेट क्लब के गेंदबाजों के सामने पूरी तरह बिखर गई। पूरी टीम 14.4 ओवरों में मात्र 40 रन पर ऑलआउट हो गई। देसी बॉयज़ की ओर से आशीष ने सबसे ज्यादा 10 रन बनाए। चौधरी बख्तावर सिंह क्रिकेट क्लब की ओर से रमेश लाला ने 4 ओवर में केवल 8 रन देकर सात विकेट लिए। इसके अलावा अंकुर सहरावत और राहुल आनंद ने भी विकेट लेकर दबाव बनाए रखा।




## हरियाणा की जीत में रोहतक के तंमय ने लिए पांच विकेट

> ■ रणजी ट्राफी में चमके रोहतक के खिलाड़ी, तंमय और आशीष के बेहतरीन प्रदर्शन से हरियाणा की टीम विजयी

**रोहतक।** असम की राजधानी गुवाहटी में खेले गए रणजी ट्रॉफी के मैच में हरियाणा की टीम ने असम को 9 विकेट के बड़े अंतर से हराया। इस मैच में रोहतक जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। हरियाणा की ओर से खेलते हुए तंमय ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए पूरे मैच में पांच विकेट लिए व 11 रन का योगदान दिया। वहीं, आशीष सिवाच ने उत्कृष्ट बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 59 रन बनाए। इसके अलावा आशीष ने शानदार फिल्डिंग करते हुए चार कैच भी पकड़े। पहले बल्लेबाजी करते हुए असम की टीम पहली पारी में 247 रन पर ऑलआउट हो गई। असम की ओर से रितुराज ने 53 रन बनाए। हरियाणा की ओर से तंमय ने 34 ओवर में आठ मेडन व 53 रन देकर दो विकेट लिए। हरियाणा की टीम पहली पारी में 236 रन पर ऑलआउट हो गई। असम की टीम दूसरी पारी 158 रन पर ऑलआउट हो गई और हरियाणा को 170 रन का लक्ष्य मिला। असम की ओर से दूसरी पारी में रिषव ने 35 रन बनाए। हरियाणा की ओर से तंमय ने तीन विकेट लिए। हरियाणा टीम ने 76 रन पर पहला विकेट गंवा दिया। उसके बाद आए रोहतक के आशीष सिवाच व कप्तान अंकित ने वनडे की तरह बल्लेबाजी शुरू की। दोनों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए एक विकेट के नुकसान पर 175 रन बनाकर 9 विकेट से मैच जीता। हरियाणा की ओर से आशीष सिवाच ने 57 गेंदों पर सात चौके व चार छक्कों की मदद से नाबाद 59 रन बनाए।









हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, सोमवार 26 जनवरी 2026


तापमान

अधिकतम 19 .2 डिग्री
न्यूनतम 1.9 डिग्री


14 पुलिस ने की नाकाबंदी, वाहनों की चेकिंग के लिए अभियान चलाया




## शहर में आज

- गणतंत्र दिवस पर राजीव गांधी खेल परिसर में भव्य समारोह का आयोजन साढ़े नौ बजे।
- मदवि में गणतंत्र दिवस समारोह।
- कांग्रेस भवन में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन।

## खबर संक्षेप

### मतदाता दिवस पर दिलाई लोकतंत्र की शपथ

**रोहतक।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर रविवार को प्रशासन द्वारा लाल नाथ हिन्दू कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त सचिन गुप्ता ने जिला के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान की शपथ दिलाई। डीसी ने कहा कि भारत का लोकतंत्र नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ही सशक्त बनता है। प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में भाग ले।

## सावन हत्याकांड: हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जताया विरोध

# सड़क पर शव रख लगाया जाम एसआईटी गठित करने की मांग

### एसपी सुरेंद्र भौरिया के आश्वासन पर माने परिजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पाडा मोहल्ला में शनिवार को हुए सावन हत्याकांड के बाद परिजनों का गुस्सा कम होने का नाम नहीं ले रहा। रविवार को शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया और एसआईटी गठित करने की मांग की। इस दौरान पुलिस ने जाम खुलवाने के लिए कहा तो परिजन नहीं माने। देर शाम एसपी सुरेंद्र भौरिया मौके पर पहुंचे और कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद जाम खोला गया। सावन पुत्र सुभाष निवासी पाडा मोहल्ला मीट की दुकान चलाता था। मीट की दुकान घर के बाहर ही लगी हुई थी, जहां मृतक के पिता सुभाष अपनी बुआ व भाई के लड़के के साथ खड़ा था। इस दौरान घर के बाहर कुछ बच्चे झगड़ रहे थे, जिनका सावन ने बीच बचाव करके भगा दिया और घर के अंदर चला गया। दोपहर के समय सावन घर पर बैठा हुआ था, तभी आशु का भांजा घर के बाहर आहर गाली गलौच करने लगा। सावन के पिता सुभाष ने आशु के भांजे को समझाकर वापस भेज दिया। इसी बात की रंजिश को लेकर आशु का भांजा वापस लौट गया और जाकर आशु को सारी बात बताई। जिसके बाद झगड़े में सावन की हत्या की गई।



रोहतक। शव सड़क पर रखकर जाम लगाते सावन के परिजन एवं (इनसेट में सावन की फाइल फोटो)।

### अलग-अलग टीमें गठित

वारदात में शामिल रहे युवकों को काबू करने के लिए प्रभारी थाना पुरानी सब्जी मंडी सुशील कुमार के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है। सीआईए के अलग-अलग टीमें भी आरोपियों को काबू करने के लिए निरंतर छापेमारी कर रही हैं। पुलिस ने हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले 2 युवकों को गिरफ्तार किया है। युवकों की पहचान शिवम उर्फ पैंतीस पुत्र प्रकाश व बिजेंद्र उर्फ चौटाला पुत्र भीम सिंह निवासीगण पाड़ा मोहल्ला के रूप में हुई है।

### आशु अपने दोस्तों के साथ हमला करने पहुंचा था

सावन की मां संतरा ने बताया कि दोपहर के समय आशु, शिवम, रविंद्र, सुरेंद्र, बिजेंद्र व अन्य युवक अपने हाथों में छुरी, चाकू व डंडे लेकर आए। आशु व उसके दोस्तों ने आते ही सावन पर हमला कर दिया। सावन अपने आप को बचाने के लिए घर के पास वाले मंदिर के अंदर भाग गया। आरोपियों ने मंदिर के अंदर घुसकर सावन पर चाकू से वॉर किया।

### महज 100 मीटर की दूरी पर पुलिस चौकी, उठे सवाल

पाडा मोहल्ला में जिस जगह दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो रहा था, वहां से पाडा मोहल्ला पुलिस चौकी महज 100 मीटर की दूरी पर है। जबकि ओल्ड सब्जी मंडी थाना भी कुछ दूरी पर है। झगड़े के दौरान सावन व आशु पक्षों की तरफ से जमकर लाठी डंडे व पत्थरबाजी हुई। सावन की तरफ से जहां छतों से शराब की खाली बोतलें व ईंटें मारी गई, वहीं आशु की तरफ से लाठी डंडे के साथ तेजधार हथियार चलाए गए। दोनों पक्षों के झगड़े को आसपास के लोग दूर खड़े होकर देखते रहे।

### युवकों ने मंदिर के अंदर सावन पर चाकू से किए थे वार

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 24 जनवरी को पाड़ा मोहल्ला निवासी सुभाष अपनी बुआ व भाई के लड़के के साथ गली में खड़ा हुआ था। सुभाष का बेटा सावन घर के बाहर बैठा हुआ था। करीब 2 बजे आशु का भांजा आकर सावन के साथ गाली गलौज करने लगा। सुभाष ने युवक को समझाकर वापस भेज दिया। जिसके बाद आशु, शिवम, रविंद्र, सुरेंद्र, बिजेंद्र व अन्य युवक हाथों में छुरी व चाकू लिये हुये आये और सावन को मंदिर के अंदर चाकू घोंप दिया।

## कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में दो छात्रों का चयन

# 4.8 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर मिली नौकरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



योगिता पार्थ

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च में करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेंटर व ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरुग्राम स्थित प्रतिष्ठित कंपनी जेम पंडित ने सेल्स एग्जीक्यूटिव और बिजनेस डेवलपमेंट पदों के लिए दो छात्रों का चयन किया।


प्लेसमेंट ड्राइव के लिए विश्वविद्यालय के विभिन्न शिक्षण विभागों से 92 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया जिनमें से 24 विद्यार्थियों ने साक्षात्कार में भाग लिया। चयन प्रक्रिया के उपरांत योगिता इमसार और पार्थ यूआईईटी का इनसाइड सेल्स एग्जीक्यूटिव पद के लिए चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को 4.8 लाख रुपये वार्षिक का वेतन पैकेज प्रदान किया गया। कंपनी की ओर से सोनल और युक्ति ने साक्षात्कार प्रक्रिया का संचालन किया।

## संस्कृति दो देशों को जोड़ने का सबसे सशक्त माध्यम : राज न्यौपाने

**रोहतक।** अंतरराष्ट्रीय इंडो नेपाल थिएटर फेस्टिवल की दूसरी और अंतिम संध्या में सप्तक कल्चरल सोसाइटी रोहतक के विख्यात नाटक गधे की बारात का 348वा मंचन सफलतापूर्वक पेश किया गया। नाटक के समन्वयक फिल्म और नाटक अभिनेता राज न्यौपाने ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि उनका ये फेस्टिवल करवाने का उद्देश्य दोनों देशों के बीच में सद्भावना लाना है और केवल संस्कृति ही एक ऐसा माध्यम है जो परस्पर प्यार और सम्मान को बढ़ाता है। नाटक गधे की बरात दर्शकों को गुदगुदाने में पूर्णतया सफल रहा। इस मंचन की विशेषता ये रही कि इसमें भारत और नेपाल दोनों के कलाकारों ने भाग लिया। छह कलाकार रोहतक से थे और चार कलाकार नेपाल से थे।



रोहतक। नाटक प्रस्तुत करते कलाकार।



## बॉडी बिल्डर मर्डर केस

# खाप का अल्टीमेटम, एक सप्ताह में न्याय नहीं मिला तो सड़कों पर उतरेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गांव हमायुंपुर निवासी बॉडी बिल्डर रोहित धनखड़ की छमाही उनके परिवार की तरफ से की गई। इसके बाद पंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें विचार विमर्श के बाद जिला पुलिस को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया गया। इस दौरान पुलिस ने सभी आरोपियों को काबू नहीं किया तो पंचायत सड़कों पर उतरेगी। पंचायत में सभी आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर रोष जताया गया और सख्त कार्रवाई की मांग की गई। बॉडी बिल्डर रोहित धनखड़ अपने दोस्त गांव बौंदकला निवासी जतिन के साथ 28 नवंबर को उसकी बहन की ननद की शादी में शगुन डालने भिवानी गया था। शादी समारोह के दौरान तिगड़ाना से बारात आई, जिसमें कुछ युवकों के साथ कहासुनी हुई और बाद में उन्हीं युवकों ने रास्ता रोककर रोहित के साथ मारपीट करते हुए अधमरा कर दिया। रोहित ने इलाज के दौरान पीजीआई में दम तोड़ दिया।

गिरफ्तारी नहीं होने पर रोष जताया



### तीसरी बार करनी पड़ी पंचायत

रोहित धनखड़ की हत्या के मामले में गांव हमायुंपुर में तीसरी बार पंचायत हुई है। पंचायत में धनखड़ खाप के अलावा विभिन्न खापों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए और मामले में जल्द कार्रवाई के लिए पुलिस पर दबाव बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।

### एक सदस्य को नौकरी और एक करोड़ की आर्थिक सहायता की मांग

रोहित धनखड़ की छमाही पर हुई पंचायत के दौरान निर्णय लिया कि प्रशासन को अंतिम रूप से एक सप्ताह का समय दिया जाए। इस अवधि में सभी फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए और जो आरोपी नहीं मिल रहे हैं, उनकी चल-अचल संपत्तियों की कुर्की की जाए। पीड़ित परिवार को कम से कम एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता व एक सदस्य को स्थायी सरकारी नौकरी दी जाए।











# नई अनाज मंडी में 130 लोगों ने किया रक्तदान




**रोहतक।** नई अनाज मंडी में मैसर्ज करतार सिंह एंड संस शॉप पर लगाए गए शिविर में 130 लोगों ने रक्तदान किया। ये आयोजन एडवोकेट मोहित पंघाल ने अपने पुत्र विवान के जन्मदिन पर किया था। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम आशीष वशिष्ठ और एलपीएस बोसॉर्ड के एमडी राजेश जैन शामिल हुए। दोनों ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन सतीश गोयल के अलावा प्रमोद गुप्ता , दीपक बुधवार ,अतुल बुधवार,सतीश वत्स ,विवेक बल्हारा, अशोक मायना,कृष्ण हुड्डा,अमित हुड्डा, संजय रिटौली, बंटी बुधवार ,लीला मायना, डॉ. विशांत राठी,अमित महराना,धर्मेश और रोहित मायना मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर हुआ पांच कुंडीय महा हवन यज्ञ



**रोहतक।** मुख्यमंत्री नायब सैनी का जन्मदिन रविवार को सोहम मंदिर में महात्मा ज्योतिबा फूले विचार मंच ने पांच कुंडिया महा हवन यज्ञ कर हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया। मंच के अध्यक्ष सुरेन्द्र माडू ने बताया कि इस महा हवन यज्ञ में शिक्षण संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं, राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने 11000 आहुतियां हवन यज्ञ में अर्पित कर मुख्यमंत्री नायब सैनी के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु का भगवान से प्रार्थना की। भाजपा युवा नेता हिमांशु ग्रोवर और संचित नांदल ने मुख्य रूप से शिरकत कर मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य की कामना। हवन में भाजपा कोषाध्यक्ष अजय बंसल, पूर्व चेयरमैन ओमप्रकाश बागड़ी, संचित नांदल, नगर निगम पार्षद प्रतिनिधि अशोक खुराना, पार्षद प्रतिनिधि अमित जैन जोजी, पार्षद सुरेश किराड़, पार्षद कपिल नागपाल, सैनी शिक्षण संस्था के प्रधान अवनीश सैनी, कांग्रेस नेत्री ऋतु राज, नफे सैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# कुछ सफर रिलीज के साथ खत्म नहीं होते : अनिल

**मुंबई।** साल 2024 में फिल्म 'फाइटर' रिलीज हुई थी। ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण अभिनीत यह फिल्म गणतंत्र दिवस के मौके पर आई थी। इसमें अनिल कपूर भी अहम रोल में नजर आए थे। इसकी रिलीज को दो साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर अनिल कपूर पुरानी यादों में खो गए हैं। उनका कहना है कि इस फिल्म से जुड़ी यादें आज भी ताजा हैं। उन्होंने 'फाइटर' से कुछ फोटोज शेयर किए हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'दो साल बीत गए। 'फाइटर' अब भी ऊंची उड़ान पर है। पीछे मुड़कर देखने पर उन यादों के लिए बहुत शुक्रगुजार हूं, जो स्क्रीन बंद होने के बाद भी लंबे समय तक रहती हैं। कुछ सफर रिलीज के साथ खत्म नहीं होते।

लाइफ Style

# मौनी

## इवेंट में हुई छेड़छाड़ पर जताई नाराजगी

अभिनेत्री मौनी रॉय को हाल ही में एक ऐसे घटनाक्रम का सामना करना पड़ा, जिसको लेकर उन्हें शर्मिंदगी महसूस हो रही है। इस मामले पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कानूनी कार्रवाई की बात कही है। अभिनेत्री मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर एक लंबे पोस्ट में एक हैरान करने वाला खुलासा किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस ने आरोप लगाया कि हाल ही में हरियाणा में हुए एक कार्यक्रम में कुछ बुजुर्ग पुरुषों ने उनके साथ छेड़छाड़ की। एक्ट्रेस इस हैरान कर देने वाले घटनाक्रम से सदमे में हैं और उन्हें भारी शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। मौनी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी साझा की है। मौनी ने इंस्टाग्राम पर दो स्टोरी साझा की हैं। इनमें उन्होंने लंबे नोट के साथ अपने साथ हुए हादसे का जिक्र किया है। एक्ट्रेस ने लिखा, 'पिछले दिनों करनाल में एक कार्यक्रम था और मेहमानों के व्यवहार से मैं बेहद निराश हूं। खासकर उन दो अंकल लोगों के व्यवहार से जो दादा-दादी की उम्र के हैं। जैसे ही कार्यक्रम शुरू हुआ और मैं मंच की ओर बढ़ी, अंकल और परिवार के सदस्यों सभी पुरुष ने तस्वीरें खींचने के लिए मेरी कमर पर हाथ रख दिया। जब मैंने कहा सर, कृपया अपना हाथ हटा लें, तो उन्हें यह बिल्कुल पसंद नहीं आया।' अभिनेत्री ने आगे बताया, 'मंच पर तो और भी बुरा हाल था। दो अंकल ठीक मेरे सामने खड़े हो गए और अश्लील टिप्पणियां करने लगे, मुझे अश्लील इशारे करने लगे और गालियां देने लगे। मुझे इसका एहसास हुआ और मैंने पहले तो विनम्रता से उन्हें ऐसा न करने का इशारा किया, जिस पर उन्होंने मुझ पर गुलाब फेंकना शुरू कर दिया।



हॉलीवुड मसाला




## लाइवली-टेलर ने जस्टिन पर बोला धावा

**लॉस एंजिल्स।** टेलर स्विफ्ट और ब्लेक लाइवली की निजी चैट लीक हो गई हैं, जिससे हॉलीवुड में एक नया विवाद खड़ा हो गया है। टेलर स्विफ्ट और ब्लैक लाइवली एक बार फिर सुर्खियों में हैं। वजह ये है कि दोनों की प्राइवेट चैट लीक हो गई है। इस तरह फिल्मी दुनिया में पर्दे के पीछे चल रहे विवाद एक बार फिर चर्चा का विषय बन गए हैं। हॉलीवुड की चर्चित फिल्म इट एंड्स विद अस से शुरू हुआ विवाद अब एक नया मोड़ ले चुका है। ब्लेक लाइवली और टेलर स्विफ्ट अभिनेता-निर्देशक जस्टिन बाल्डोनी से जुड़े हाई-प्रोफाइल कानूनी विवाद का हिस्सा बन गई हैं।



## हॉलीवुड की वो फिल्म जिसमें दिखी महाभारत की झलक

**लॉस एंजिल्स।** साल 2000 में हॉलीवुड में एक फिल्म आई जिसका नाम था 'द लीजेंड ऑफ बैगर वेंस'। इस फिल्म को बनाने के पीछे का उद्देश्य यूं तो आम सा था, लेकिन असल में फिल्म की कहानी कहीं और सो नहीं बल्कि 'महाभारत' से इंस्पायर्ड थी और फिल्म उस दौर में कल्ट क्लासिक बनी थी। फिल्म की कहानी है उस 'अर्जुन' के ऊपर आधारित थी, जो असल में अपने मन की एकाग्रता खो चुका है और फिर उसके जीवन में एक 'कृष्ण' की एंट्री होती है जो उसकी खोई हुई शक्तियों और उसके आत्मविश्वास को याद दिलाता है। विल स्मिथ और मैट डैमन की फिल्म 'द लीजेंड ऑफ बैगर वेंस' की इसी पर आधारित थी। फिल्म का बैकग्राउंड 1916 के सवाना यानि जॉर्जिया की पृष्ठभूमि पर आधारित था। यहीं पर रन्नुल्फ जूनह का किरदार निभाने वाले मैट डैमन एक समय के बेहतरीन गोल्फर हुआ करते थे, लेकिन प्रथम विश्व युद्ध के सदमे ने उसे अंदर से तोड़ दिया।



## सिनेमाघर पहुंचकर बोला भारत माता की जय

**मुंबई।** सिनेमाघरों में 23 जनवरी से वॉर ड्रामा फिल्म 'बॉर्डर 2' चल रही है। दर्शक इसे खूब प्यार दे रहे हैं। पहले और दूसरे दिन फिल्म ने अच्छी कमाई की। इस फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी हैं। सभी कलाकार अपने-अपने हिसाब से दर्शकों का आभार जता रहे हैं। इसी कड़ी में वरुण धवन एक सिनेमाघर में पहुंचे और दर्शकों से बातचीत की। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि वरुण धवन उस सिनेमाघर में पहुंचे जहां फिल्म 'बॉर्डर 2' चल रही थी। वह जैसे ही यहां पहुंचे सिनेमाघर तेज आवाज और सीटियों से गूंज उठा। वरुण धवन ने दर्शकों से पूछा, 'आप लोगों को फिल्म कैसी लग रही है?' इस पर दर्शकों ने जवाब दिया 'बहुत अच्छी लग रही है।' इसके बाद उन्होंने जोर से भारत माता की जय बोला।



## किंग का दमदार टीजर किया जारी...

**मुंबई।** इस बार क्रिसमस का त्योहार शाहरुख खान के नाम होने वाला है। 'किंग' के टीजर में शाहरुख खान के किरदार का लुक भी सामने आया है। साथ ही फिल्म की कहानी की भी झलक मिली है। शाहरुख खान ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में 'किंग' का दमदार टीजर शेयर किया। साथ ही कैप्शन में लिखा, 'फिल्म 'किंग' 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दहाड़ने के लिए तैयार है।' किंग खान की इस पोस्ट को फैंस ने भी लाइक किया है। वह अपने पसंदीदा एक्टर की फिल्म देखने के लिए एक्साइटेड हैं। फिल्म 'किंग' के टीजर में शाहरुख खान का किरदार पहले एक पहाड़ की चोटी पर नजर आता है। फिर अचानक जोर से चींखता है। इसके बाद एक कांच की छत को तोड़ते हुए शाहरुख का किरदार सामने आता है। वह खून से लथपथ नजर आता है।

टीवी मसाला



## कॉमेडी नाइट्स शो छोड़ने का नहीं है कोई मलाल : उपासना

**नई दिल्ली।** कॉमेडी नाइट्स विद कपिल की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेस उपासना सिंह को आज भी लोग पिंकी बुआ के नाम से याद करते हैं। उन्होंने कपिल का शो छोड़ने के बरसों बाद अपनी खामोशी तोड़ी है। अक्सर उनके और कपिल के बीच अनबन की खबरें उड़ती रहती हैं, लेकिन उपासना ने इन सबको अफवाह करार दिया है। उन्होंने बेहद शालीनता से कहा कि उनके मन में शो छोड़ने को लेकर कोई दुख या मलाल नहीं है। उपासना ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि कपिल आज भी उनके छोटे भाई जैसे हैं। फिलहाल वह पंजाबी फिल्मों में काफी बिजी हैं। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि वह सिर्फ एक्टिंग ही नहीं, बल्कि सिने एंड टीवी आर्टिस्ट एसोसिएशन की जनरल सेक्रेटरी के तौर पर भी बड़ी जिम्मेदारी निभा रही हैं। उन्होंने कलाकारों की पेमेंट समय पर दिलाने और काम के घंटे तय करने जैसे जरूरी मुद्दों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'जब हमने ढाई साल एक साथ काम किया था। बहुत प्यारे दिन थे और मेरा किरदार पिंकी बुआ बहुत पसंद किया गया था, जैसे फिल्म 'जुदाई' का 'अब्बा, जब्बा, डब्बा' वाला किरदार फेमस हुआ था।' उपासना सिंह ने कहा, 'मैं कपिल और सारी टीम के लिए बहुत खुश हूं और मेरे मन में कोई दुख नहीं है कि मैं अब शो का हिस्सा नहीं हूं। मेरा मानना है कि जब तक भगवान ने मेरा काम वहां लिखा था, मैंने किया। मेरा और कपिल का कोई झगड़ा नहीं है।

## परिवार की मौत का बदला ही नहीं देश की रक्षा भी बना मकसद

**नई दिल्ली।** हाल ही में सीरियल 'नागिन 7' शुरू हुआ है। सीरियल में प्रियंका चाहर चौधरी लीड रोल में हैं। जल्द ही आम लड़की पूर्वी नागिन बनकर अपने परिवार की मौत का बदला लेगी। साथ ही सीरियल में वह देश की रक्षा भी करेगी। नाग मणि पान के लिए कुछ लोगों ने मिलकर पूर्वी के परिवार को मार डाला। अब वह अपना नागिन का रूप पहचान चुकी है। उसका एक ही मकसद रह गया है, अपने परिवार की मौत का बदला। उसे हत्यारों के घर में एंट्री ली है। वह एक-एक करके उन लोगों को मारेगी, जो उसके परिवार की मौत के जिम्मेदार हैं। साथ ही यही लोग देश को नुकसान भी पहुंचाने वाले हैं। ऐसे में पूर्वी नागिन बनकर, सभी बुरे लोगों का खात्मा करेगी। दूसरे हफ्ते की टीआरपी रेटिंग में सीरियल 'नागिन 7' को तीसरा स्थान मिला है।



## शहीद निर्मलजीत सिंह के परिवार से मिले सनी देओल

**मुंबई।** इन दिनों फिल्म 'बॉर्डर 2' सिनेमाघरों में लगी हुई है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ ने भारतीय वायुसेना के परमवीर चक्र विजेता शहीद निर्मलजीत सिंह सेखों का किरदार अदा किया है। सनी देओल ने हाल ही में निर्मलजीत सिंह के परिवार से मुलाकात की। फिल्म 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसमें सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी और वरुण धवन जैसे सितारे नजर आए हैं। यह फिल्म साल 1971 के भारत-पाक युद्ध पर आधारित है। फिल्म में दिखाया गया है कि हमारी जल, थल और वायुसेना ने किस बहादुरी से दुश्मनों के छक्के छुड़ाए थे। फिल्म में दिलजीत दोसांझ ने 1971 युद्ध के हीरो शहीद निर्मलजीत सिंह सेखों की भूमिका निभाई है। सनी देओल हाल ही में निर्मलजीत सिंह के परिवार से मिले। सनी देओल ने आज रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें अभिनेता निर्मलजीत सिंह के परिवार के सदस्य के साथ नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'हमारे हीरो परमवीर चक्र फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों के परिवार से मिलना मेरे लिए खुशी की बात थी। फिल्म 'बॉर्डर 2' में इनका रोल दिलजीत दोसांझ कर रहे हैं, जिनकी बेमिसाल बहादुरी की सच्ची कहानी आप फिल्म में देखेंगे। उनके परिवार से मिलना बहुत अच्छा और यादगार था'। निर्मलजीत सिंह सेखों ने 1971 के युद्ध में श्रीनगर एयरफील्ड पर पाकिस्तानी जेट हमलों का अकेले मुकाबला किया था। उन्होंने पाकिस्तान के छह फाइटर जेट खदेड़कर भारत माता की सुरक्षा की थी। महज 26 वर्ष की आयु में उन्होंने देश के लिए प्राण नौछावर कर दिए।



## ये हैं संविधान की अहमियत बताने वाली फिल्में

### मुल्क से लेकर जय भीम तक, संविधान का महत्व समझाती कहानियां

**नई दिल्ली।** आज हर देशवासी 77वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। यह दिन हमें संविधान की अहमियत समझाता है। संविधान हर भारतीय नागरिक के जीवन को कैसे सशक्त बनाता है। हमें हमारे अधिकारों से संविधान परिचित करवाता है। इस अवसर पर आप ऐसी कुछ चर्चित फिल्में भी देख सकते हैं, जो संविधान का महत्व समझाती हैं। कैसे संविधान से एक नागरिक का जीवन बदलता है, उसकी झलक इन फिल्मों की कहानियों में नजर आती है।



***मुल्क*** : ऋषि कपूर स्टारर की फिल्म 'मुल्क' 2019 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक अल्पसंख्यक परिवार की कहानी थी, सामाजिक भेदभाव, उत्पीड़न का शिकार होता है। ऐसे में यह परिवार कोर्ट का दरवाजा खटखटाता है। इस परिवार की बहू जो पेशे से वकील है, संविधान के आर्टिकल 15 के तहत अपने हक के लिए केस लड़ती है। संविधान का आर्टिकल 15 राज्य में धर्म, जाति, धर्म, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर नागरिकों के बीच भेदभाव को रोकता है।

***आर्टिकल 15*** : अनुभव सिन्हा ने ही एक फिल्म 'आर्टिकल 15' बनाई थी। यह फिल्म भी आम नागरिक को उसे हक के बारे में जागरुक करती है। इस फिल्म में लीड रोल में आयुषमान खुराना थे। फिल्म की कहानी में तीन लड़कियों का अपहरण हो जाता है। इस केस के लिए जब आयुषमान खुराना पुलिस ऑफिसर बनकर जांच करते हैं तो मामला 'आर्टिकल 15' के हनन का निकलता है।

***जय भीम*** : साल 2021 में रिलीज हुई फिल्म 'जय भीम' में भी सामाजिक भेदभाव की कहानी थी। यह तमिल लीगल ड्रामा फिल्म 1993 में हुई एक असल घटना पर आधारित थी। 'जय भीम' को एक्टर सूर्या और एक्ट्रेस ज्योतिका ने प्रोड्यूस किया था। फिल्म में एडवोकेट चंद्रू का किरदार सूर्या ने निभाया था, वह इरुलर कबीले के हकों के लिए कानून का दरवाजा खटखटाते हैं। यह फिल्म संविधान के 'आर्टिकल 17' का महत्व बताती हैं। संविधान के इस अनुच्छेद के अनुसार छुआछात गैरकानूनी है।

**न्यूटन** : साल 2017 में रिलीज हुई राजकुमार राव स्टारर फिल्म 'न्यूटन' की कहानी भी नागरिकों वोट देने के उनके मौलिक अधिकारों से अवगत कराती है। संविधान हर नागरिक को वोट देने का अधिकार देता है। इस फिल्म की कहानी में राजकुमार राव एक सरकारी कर्मचारी है, जिसे छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाके में वोटिंग करवाने की जिम्मेदारी मिलती है।

### सिनेमा के हर दौर में एक ऐसी देशभक्ति फिल्म आई जो दिलों को छू गई

# इन देशभक्ति गानों को सुनकर जोश से भर जाता है हर भारतीय

***नई दिल्ली।*** *गणतंत्र दिवस के दिन हर किसी के अंदर देशभक्ति की भावना देखने को मिलती है। इसके साथ ही हर तरफ आपको कुछ ऐसे गाने सुनने को मिलेंगे जो सालों से चले आ रहे और उन्हें सुनकर देशभक्ति का जोश लोगों के अंदर जग जाता है। बॉलीवुड ने कई देशभक्ति फिल्में बनाई हैं और उनके गाने आज भी लोग पूरे दिल से सुनते हैं। हिंदी सिनेमा के हर दौर में एक ऐसी देशभक्ति फिल्म आई जो लोगों को दिलों को छू गई। उन्हीं फिल्मों में कई ऐसे गाने रहे जिन्हें लोगों ने खूब पसंद किया।*

### छोड़ो कल की बातें

1960 में रिलीज हुई फिल्म हम हिंदुस्तानी का ये गाना है। फिल्म में सुनील दत्त, आशा पारेख, संजीव कुमार और जॉय मुखर्जी जैसे कलाकार नजर आए थे। 'छोड़ो कल की बातें' गाना सुनील दत्त पर फिल्माया गया था, जबकि इस गाने को मुकेश ने गाया था। गाने के बोल प्रेम धवन ने लिखे थे और इसका म्यूजिक उशा खन्ना ने तैयार किया था। ये एक बेहतरीन देशभक्ति फिल्म थी जो उस साल की हिट फिल्मों में से एक थी।

### भारत का रहने वाला हूं

1970 में रिलीज हुई फिल्म पूरब और पश्चिम मनोज कुमार ने ही बनाई थी। फिल्म में मनोज कुमार ही लीड रोल में नजर आए थे और उनके अपोजिट सायरा बानो नजर आई थीं। ये एक सुपरहिट फिल्म थी और फिल्म में प्राण, अशोक कुमार, निरुपा रॉय, प्रेम चोपड़ा जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में थे। 'भारत का रहने वाला हूं' गाना सदाबहार बन गया था। इस गाने को महेंद्र कपूर ने गाया था, जबकि गाना मनोज कुमार पर ही फिल्माया गया था। इस गाने का म्यूजिक कल्याणजी आनंदजी ने तैयार किया था और इसके बोल इंद्रवर ने लिखे थे।



### आई लव माई इंडिया

1997 में रिलीज हुई फिल्म परदेश के डायरेक्टर-प्रोड्यूसर सुभाष घई थे। फिल्म में शाहरुख खान, महिमा चौधरी, अपूर्व अग्निहोत्री, अमरीश पुरी और आलोक नाथ अहम किरदारों में नजर आए थे। 'आई लव माई इंडिया' गाना उसी फिल्म का है जिसे आज भी लोग शान के साथ सुनते हैं। इस गाने को हरिहरण, कविता कृष्णमुर्ति, शंकर महादेवन, आदित्य नारायण ने गाया था। गाने का म्यूजिक नदीम-श्रवण ने तैयार किया था और बोल आनंद बख्शी ने लिखे थे।

### संदेशे आते हैं

1997 में रिलीज हुई फिल्म बॉर्डर को जेपी दत्ता ने बनाया था। फिल्म में सनी देओल, जैकी श्रॉफ, सुनील दत्त, अक्षय खन्ना जैसे कलाकार अहम किरदारों में नजर आए थे। ये उस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म थी जिसका दूसरा पार्ट 2026 में रिलीज होगा। 'संदेश आते हैं' गाना उसी फिल्म का है और आज भी पसंद किया जाता है। इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था।

### ऐ मेरे वतन के लोगों

दिवंगत सिंगर लता मंगेशकर का ये गाना किसी फिल्म का नहीं है। उन्होंने लाइव ये गाना गाया था और बताया जाता है पहली बार जब उन्होंने ये गाना गाया तब ऑडियंस में बैठे सभी लोगों की आंखों में आंसू आ गए थे। उन लोगों में उस दौर के पीएम स्वर्गीय जवाहर लाल नेहरू भी थे, जिनकी आंखें भर आई थीं। इस गाने को आज भी लोग सुनते हैं और इमोशनल हो जाते हैं। लता मंगेशकर जब भी लाइव कॉन्सर्ट करती थीं, तब ये गाना पब्लिक डिमांड पर वो सुनाती थीं।

### मेरा मुल्क मेरा देश

1996 में रिलीज हुई फिल्म दिलजले के डायरेक्टर हैरी बावेजा थे। फिल्म में अजय देवगन और सोनाली बेंद्रे लीड रोल में थे। फिल्म में ये गाना तीन बार दिखाया गया था और आज भी लोग इस गाने को खास दिनों में सुनते हैं। 'मेरा मुल्क मेरा देश' गाना कुमार सानू और आदित्य नारायण के साथ अलका यागनिक ने गाया था। गाने के बोल जावेद अख्तर ने लिखे थे जबकि इसका म्यूजिक अनु मलिक ने तैयार किया था।




# अंडर-19 क्रिकेट लीग में द्वारका ने करनाल को 9 रन से हराया

**रोहतक।** वीटीआई क्रिकेट मैदान में चौथे मास्टर पूर्णमल स्मृति अंडर 19 क्रिकेट लीग के मैच में बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल द्वारका एकादश ने डीसीसी करनाल एकादश को 9 रन से हराया। अश्मित को मैन ऑफ द मैच चुना गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए द्वारका एकादश की टीम 25.3 ओवर में 223 रन पर ऑलआउट हो गई। द्वारका एकादश की ओर से अश्मित ने 36 गेंदों पर 79 रन बनाए। इसके अलावा अभिराज ने 37 रन बनाए। करनाल एकादश की ओर से अशीष ने तीन व अक्षत ने दो विकेट लिए। इसके जवाब में करनाल एकादश की टीम 29.5 ओवर में 214 रन पर ऑलआउट हो गई व द्वारका एकादश ने 9 रन से मैच जीता। करनाल एकादश की ओर से निशांत ने 48 रन बनाए।




## सांघी में फिजियोथेरेपी कैंप में 23 की जांच

**रोहतक।** रविवार को मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट की तरफ से सांघी गांव में बीपी जैन फिजियोथैरेपी सेंटर पर फ्री कैंप का आयोजन किया गया। जिसके अंदर गांव और आसपास के मरीजों ने आकर अपने हड्डी और जोड़ों के दर्द की जांच करवाई। जिसके बाद डॉक्टर अरमान ने उनकी जांच की और फिर कई लोगों का मौके पर ही उपचार किया। इस कैंप में कुल 23 मरीज इलाज करवाने पहुंचे। संस्था के संचालक तस्वीर हुड्डा ने बताया कि बीपी जैन फिजियोथैरेपी सेंटर के संरक्षक शहर के समाजसेवी राजेश जैन हैं।




## राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया

**रोहतक।** पुलिस द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। जिले में तैनात सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई और राष्ट्रीय मतदाता दिवस के बारे में अवगत कराया। इस साल 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। "मेरा भारत मेरा वोट" की थीम जिसका नारा भारतीय लोकतंत्र के केंद्र मे नागरिक अनुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया है।
















## 60वीं नेशनल क्रास कंट्री चैंपियनशिप में हरियाणा ने जीता टीम कांस्य पदक

**रोहतक।** 60वीं नेशनल क्रास कंट्री चैंपियनशिप में प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता रांची झारखंड में आयोजित की गई। इसमें हरियाणा की टीम ने आठ किलोमीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। प्रदेश की टीम में रोहतक से अक्षय व अंकित रोहतक, रेवाड़ी से नवरत्न, करनाल से शुभम, पानीपत से गुरदीप सिंह व सोनीपत से सुमित शामिल है। हरियाणा एथलेटिक्स अध्यक्ष दिलबाग सिंह ने बताया कि हरियाणा की टीम 75 अंक हासिल करके कांस्य पदक जीता है। हरियाणा मीडिया प्रभारती सत्यवीर धनखड, राजकुमार मिटान एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ग्रीवेंस कमेटी सदस्य, टीम मैनेजर विकास गहलावत और टीम कोच मंदीप सिंह ने एथलेटिक्स हरियाणा के सभी पदक विजेता एथलीट खिलाड़ियों को जीत की हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।




## नई अनाज मंडी में130 ने किया रक्तदान

**रोहतक।** नई अनाज मंडी में मैसर्ज करतार सिंह एंड संस शॉप पर लगाए गए शिविर में 130 लोगों ने रक्तदान किया। ये आयोजन एडवोकेट मोहित पंघाल ने अपने पुत्र विवान के जन्मदिन पर किया था। इसमें मंडी के व्यापारियों का सहयोग रहा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम आशीष वशिष्ठ और एलपीएस बोसॉर्ड के एमडी राजेश जैन भी शामिल हुए। दोनों रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन सतीश गोयल के अलावा प्रमोद गुप्ता, दीपक बुधवार, अतुल बुधवार, सतीश वत्स, विवेक बल्हारा, अशोक मायना, कृष्ण हुड्डा, अमित हुड्डा, संजय रिटौली, बंटी बुधवार, लीला मायना, डॉ. विशांत राठी, अमित महराना, धर्मेश और रोहित मायना मौजूद रहे।






## जिला प्रशासन ने पूरी की तैयारियां, मंत्री अरविंद शर्मा फहराएंगे तिरंगा

# सुबह 9.30 बजे राजीव गांधी खेल परिसर में लहराएगा तिरंगा, 8 टुकड़ियां करेंगी मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



राजीव गांधी खेल परिसर में 77वें गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय समारोह में प्रदेश के सहकारिता सुबह साढ़े नौ बजे देश की शान का प्रतीक तिरंगे को मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा तिरंगा फहराएंगे। सहकारिता मंत्री इस कार्यक्रम से पूर्व महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय स्थित राज्य स्तरीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि देंगे। समारोह में 8 परेड की टुकडियां शानदार मार्च पास्ट में हिस्सा लेंगी। समारोह के मुख्य अतिथि सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। विभिन्न विद्यालयों के 1700 विद्यार्थी सामूहिक शारीरिक अभ्यास का प्रदर्शन करेंगे।

### ये दी जाएंगी प्रस्तुति

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लाढौत गुरुकुल के विद्यार्थियों द्वारा मलखंब की प्रस्तुति, मॉडल स्कूल द्वारा समूह नृत्य, जेड ग्लोबल स्कूल द्वारा आई एम द फ्लेम समूह नृत्य, स्वामी नित्यानंद पब्लिक स्कूल द्वारा बैसाखी आधारित पंजाबी गिद्दा, पठानिया पब्लिक स्कूल द्वारा नृत्य व जिम्नास्टिक, पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन द्वारा हरियाणवीं लोक नृत्य तथा आयुष विभाग द्वारा सूर्य नमस्कार की प्रस्तुति दी जायेगी। समारोह का समापन मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले राष्ट्रगान से होगा।

### उपमंडल स्तर पर भी होंगे समारोह

जिला स्तरीय समारोह के अलावा सांपला व महम में उपमंडल स्तरीय समारोह आयोजित किए जाएंगे। महम में आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में चरखी दादरी के विधायक सुनील सतपाल सांगवान बतौर मुख्यातिथि ध्वजारोहण करेंगे। सांपला में आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा बतौर मुख्यातिथि ध्वजारोहण करेंगी।

## पुलिस ने की नाकाबंदी, वाहनों की चेकिंग के लिए अभियान चलाया

**पूरे जिले में सुरक्षा कड़ी, अतिरिक्त पुलिसबल तैनात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गणतंत्र दिवस को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और गरिमामय तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा के व्यापक और कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। कई दिन से चेकिंग अभियान चलाए गए। अब पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से करीब 20 से अधिक संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर विशेष नाकाबंदी की है। यह नाकाबंदी गणतंत्र दिवस के सभी कार्यक्रमों के समापन तक जारी रहेगी। इस दौरान वाहनों की भी तलाशी ली जा रही है। इसके अलावा आयोजन स्थल पर पुलिस बल तैनात किया गया है।

### सुरक्षा चाक-चौबंद

जिले में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह राजीव गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-6 में आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा मंडल स्तर पर सांपला और महम में भी गणतंत्र दिवस समारोह मनाया जाएगा। इन सभी स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

### नाकों पर सघन जांच

सभी नाकाबंदी बिंदुओं पर पुलिस जवान हथियारों, वॉकी-टॉकी सेट और अन्य आधुनिक उपकरणों के साथ तैनात रहेंगे। प्रत्येक नाके पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन जांच की जाएगी। जिले में तैनात सभी पीसीआर और राइडर यूनिट्स को लगातार गश्त के निर्देश दिए गए हैं।



### होटल, ढाबों और सार्वजनिक स्थलों की सख्त चेकिंग

पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने बताया कि गणतंत्र दिवस के मद्देनजर सभी पुलिस अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सभी राजपत्रित अधिकारी और थाना, चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में प्रभावी गश्त और चेकिंग करेंगे। जिले में स्थित होटल, रेस्टोरेंट, धर्मशालाएं, सराय और ढाबों की नियमित जांच की जा रही है। यहां ठहरने वाले लोगों का रिकॉर्ड सत्यापित किया जा रहा है और संदिग्ध व्यक्तियों की तस्दीक की जा रही है। आदतन अपराधियों और दुष्चरित्र व्यक्तियों पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है।

### रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और बाजारों पर विशेष नजर

पुलिस द्वारा विशेष जांच टीमें गठित की गई हैं, जो रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजार, मॉल और अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर लगातार जांच कर रही हैं। इसके अलावा अत्याधुनिक हथियारों से लैस स्वाट टीम को भी शहर में निरंतर गश्त पर लगाया गया है।

### राजीव गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में प्रवेश व्यवस्था तय

जिला स्तरीय समारोह को लेकर राजीव गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। एथेलेटिक्स ग्राउंड का गेट नंबर-3 केवल वीआईपी और प्रशासनिक अधिकारियों के लिए आरक्षित रहेगा। गेट नंबर-1 से प्रतिभागी प्रवेश करेंगे, जबकि आमजन के लिए गेट नंबर-2 और 4 निर्धारित किए गए हैं। ग्राउंड में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सघन जांच की जाएगी।

### आमजन के लिए दिशा-निर्देश

आमजन के वाहनों की पार्किंग फुटबॉल ग्राउंड के पास निर्धारित की गई है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही वाहन खड़े करें और सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करें।

**पुलिस की अपील: सतर्क रहें, सहयोग करें:** एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध वस्तु, वाहन या व्यक्ति को न छुएं। ऐसी कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तुरंत डायल 112 या 01262-228113 पर सूचना दें।

पुलिस ने नागरिकों से नाकाबंदी और जांच के दौरान सहयोग करने की भी अपील की है।

**2014 के बाद भाजपा ने राजनीति के मायने बदले**

## सैनी के नेतृत्व में हरियाणा बढ़ रहा आगेः मनीष ग्रोवर



रोहतक। पौधरोपण करते पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, मेयर राम अवतार वाल्मीकि व अन्य कार्यकर्ता।

■ **कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर मुख्यमंत्री का मनाया जन्मदिन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन्मदिन के मौके पर रोहतक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने केक काटकर, पौधे लगाकर और मिठाई बांटकर जन्मदिन मनाया। सेक्टर 2 में आयोजित प्रोग्राम में पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि साल 2014 के बाद से हरियाणा में भाजपा की सरकार आने के बाद राजनीति के मायने बदल गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और मौजूदा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिस तरह पारदर्शिता से फैसले लेने का काम किया है, वह हरियाणा की राजनीति में ऐतिहासिक है। हरियाणा की पहचान एक मजबूत पारदर्शी राज्य के तौर पर उभरी है। आज हरियाणा के प्रत्येक जिले में समान रूप से विकास हो रहा है। पूर्व मंत्री ग्रोवर ने प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, मेयर राम अवतार वाल्मीकि, रेनू डाबला, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका सहित सभी पार्षदों व पार्टी पदाधिकारियों के साथ मिलकर सेक्टर 2 ग्रीन बेल्ट में पौधारोपण किया। कलानौर में पौधरोपण किया और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। दिल्ली रोड स्थित कैंप कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ मिठाई बांटकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जन्मदिन मनाया।

### जी.डी गोयनका में गणतंत्र दिवस मनाया

**रोहतक।** जी.डी गोयनका टॉडलर हाउस सनसिटी में बसंत पंचमी और 77वां गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास और देशभक्ति के साथ मनाया गया। स्कूल के निदेशक बलराज सिंह और प्रिंसिपल अनामिका बलहारा दोनों ने सभी छात्रों, शिक्षकों और अन्य सदस्यों को बसंत पंचमी और गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। उसके बाद ध्वज फहराया गया और राष्ट्रगान हुआ। प्रधानाचार्या अनामिका बल्हारा ने छात्रों को बताया कि ज्ञान की देवी मां सरस्वती के अवतरण दिवस और बसंत ऋतु के आगमन के रूप में बसंत पंचमी मनाई जाती है।



# आत्मनिर्भर ग्राम ही विकसित भारत की नींवः बराला

## भाली आनंदपुर में मेरा गांव–मेरा तीर्थ का भव्य आयोजन, 10वें ग्रामोत्सव में उमड़ा जनसैलाब

**ग्रामीण संस्कृति, स्वदेशी उत्पाद व सेवा कार्यों का संगम बना ग्रामोत्सव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भाली आनंदपुर में शहीद चंद्रशेखर सेवा समिति के सौजन्य से आयोजित मेरा गांव–मेरा तीर्थ 10वां ग्रामोत्सव कुटिया वाले मैदान में अत्यंत भव्य और ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ। ग्रामोत्सव में ग्रामीण संस्कृति, आत्मनिर्भरता, सेवा और सामाजिक समरसता का ऐसा अद्भुत दृश्य देखने को मिला कि पूरा क्षेत्र उत्सवमय वातावरण में रंगा नजर आया। आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों की भागीदारी रही।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तर क्षेत्र प्रचारक जतिन रहे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला उपस्थित रहे। संघ के क्षेत्रीय सेवा प्रमुख कृष्ण कुमार तथा क्षेत्रीय ग्रामीण विकास प्रमुख राकेश की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक दिशा प्रदान की। उद्योग जगत से वी-सेल्स गुरुग्राम के चेयरमैन रामचंद्र अग्रवाल और उद्योगपति सुमित भ्याण विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

ग्रामोत्सव में लगभग डेढ़ सौ स्टॉल लगाए गए, जिनमें ग्रामीण अंचल के लोगों द्वारा स्थानीय साधनों और संसाधनों से निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की गई। स्टॉलों पर कृषि उत्पाद, हस्तशिल्प, घरेलू उपयोग की वस्तुएं, आयुर्वेदिक उत्पाद, बच्चों के खिलौने और जीवनोपयोगी सामग्री आकर्षण का केंद्र रहीं। इसके साथ ही चिकित्सा एवं सेवा से जुड़े कार्यों के लिए विशेष सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ गांव के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर तथा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया गया। परंपरागत ग्रामीण संस्कृति को सजीव रखते हुए मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत बैलगाड़ी में बैठाकर कार्यक्रम स्थल तक लाकर किया गया, जिसे देखकर उपस्थित जनसमूह में विशेष उत्साह देखने को मिला। भाली की महिलाओं और बच्चियों द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत की सभी अतिथियों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला।

### मोदी के 'मन की बात' राष्ट्र निर्माण का जन-आंदोलन

**रोहतक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को सुनने हेतु भाली आनंदपुर में इंद्रेश भाली के निवास पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि भाजपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम उपरांत राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण से जुड़ने का एक सशक्त और प्रेरणादायी माध्यम है। भाजपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका ने कहा कि 'मन की बात' जन-जन से सीधा संवाद स्थापित करने का माध्यम है, जो हर वर्ग को जोड़ता है। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक, रेणु डाबला, सत्येंद्र परमार, इंद्रेश भाली, राजू सहगल, हरीश कौशिक, उदयभान मलिक, अमित बंसल, अंकित गर्ग सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सरकार गांव आधारित विकास को प्राथमिकता दे रही

मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने अपने संबोधन में कहा कि मेरा गांव–मेरा तीर्थ जैसा ग्रामोत्सव आत्मनिर्भर ग्राम की संकल्पना को साकार करने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल है। उन्होंने कहा कि आज के भौतिक युग में आपसी भाईचारा और सामाजिक संबंध कमजोर हुए हैं, ऐसे में इस प्रकार के ग्रामोत्सव समाज को फिर से जोड़ने और सामूहिकता की भावना को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत–2047 के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र सरकार गांव आधारित विकास को प्राथमिकता दे रही है। सरकार की योजनाओं, युवाओं और महिलाओं की सक्रिय सहभागिता से प्रत्येक गांव को आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि यही मार्ग प्रधानमंत्री मोदी के 2047 के विकसित भारत के स्वप्न को साकार करेगा। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने शहीद चंद्रशेखर आजाद सेवा समिति भाली आनंदपुर को गांव के विकास हेतु 21 लाख रुपए देने की घोषणा की मुख्य वक्ता आरएसएस उत्तर क्षेत्र प्रचारक जतिन ने अपने संबोधन में कहा कि यह ग्रामोत्सव भारत की ग्राम आधारित संस्कृति और जीवन-दृष्टि का सजीव प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि इस ग्राम मेले को देखकर उन्हें महान शिक्षाविद् और राष्ट्रनिर्माता पंडित मदन मोहन मालवीय के विचार स्मरण हो आते हैं, जिन्होंने गांवों में सभा, सत्संग, पाठशाला, व्यायामशाला और पर्व महोत्सवों के माध्यम से संस्कार निर्माण पर बल दिया था। ग्रामोत्सव के सफल आयोजन में अनूप भाली का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा, जो पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में ग्रामीण विकास के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम में मेयर रामावतार वाल्मीकि, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, रेणु डाबला, प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर खरक, जिलाध्यक्ष रणवीर ढाका तथा वरिष्ठ भाजपा नेता हरिओम मित्तल भाली सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं संगठन पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त समाजसेवी रामकरण पहलवान, प्रवीण धत्तरवाल, गुलशन शर्मा, संजय वर्मा, मौजी सहारण सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों और गांव के प्रधान हवा सिंह समेत अन्य कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।

# ईश्वर की भक्ति और सनातन संस्कृति ही जीवन का आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शिवाजी कॉलोनी स्थित सनातन धर्म मंदिर में भक्ति और राष्ट्र सेवा का एक अनूठा संगम देखने को मिला। मंदिर परिसर में आयोजित भव्य सुंदरकांड पाठ के अवसर पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े, जहां संतों ने समाज को नशा मुक्ति और सनातन संस्कृति से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी शंकरानंद महाराज के सानिध्य में हुआ। उनके श्री मुख से प्रवाहित सुंदरकांड की चौपाइयों ने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। स्वामी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि ईश्वर की भक्ति और सनातन संस्कृति ही जीवन का आधार है। उन्होंने युवाओं और समाज के हर वर्ग को अपनी जड़ों से जुड़ने के लिए जप, तप, भजन और कीर्तन को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। महामंडलेश्वर स्वामी राघवेंद्र भारती महाराज ने राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने नशा मुक्त भारत अभियान पर जोर देते हुए संकल्प लिया कि वे पूरे हरियाणा के प्रत्येक शहर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इस अवसर पर नवीन सचदेवा, ईशु नागपाल, निखिल अग्गरवाल, जितेंद्र चौहान, जितेंद्र सोनी, अभिषेक और अंकित मौजूद रहे।



रोहतक। भजन और कीर्तन का आनंद लेते भक्तजन।

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीड़ की हडिड्यों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज
फौजी भाईयों का इलाज ECHS
● हरियाणा सरकार
● आयुष्मान भारत
● ESIC
के पैनल पर
DR. BALKISHAN GOEL
M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर : रणवीर ढाका

**भाजपा कार्यालय में हवन यज्ञ कर कार्यकर्ताओं ने दी मुख्यमंत्री को जन्म दिवस की शुभकामनाएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भाजपा जिला रोहतक इकाई द्वारा भाजपा कार्यालय मंगल कमल पर मुख्यमंत्री नायब सैनी के जन्मदिवस को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका की अध्यक्षता में जिले में भव्य यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। यज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मुख्यमंत्री नायब सैनी के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की सभी कार्यकर्ताओं द्वारा कामना की गई व साथ साथ प्रदेश की सुख-समृद्धि, विकास और जनकल्याण की कामना की भी गई।



### मुख्यमंत्री का जन्मदिन हवन कर उत्साह के साथ मनाया

कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी मुख्यमंत्री के जनकल्याणकारी कार्यों की सराहना की और उनके नेतृत्व पर विश्वास जताया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह, अनुशासन और संगठनात्मक मजबूती देखने को मिली, जिससे यह आयोजन यादगार बन गया। जिला मीडिया प्रभारी पंकज भारद्वाज ने बताया मुख्यमंत्री नायब सैनी के जन्मदिवस पर जिले में अनेकों स्थानों पर कार्यकर्ताओं द्वारा हवन यज्ञ कर मुख्यमंत्री नायब सैनी के दीर्घायु की कामना की गई। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल,जिला प्रभारी सत्येंद्र परमार, मनमोहन गोयल,पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा, नागेंद्र शर्मा,पूर्व विधायक सरिता नारायण, बीर सिंह हुड्डा, मनोनीत पार्षद रमेश बोहर, जिला महामंत्री अभिनंदन शर्मा, राजकमल सहगल, राजकुमार शर्मा, उषा शर्मा, डॉ दिनेश घिल्लौड़, वीणा सिक्का ,रेनू देशवाल, उर्मिल रईस ,चेतना अरोड़ा,मनीष शर्मा ,सूबेदार धर्मवीर सिंह, रिंकू कपूर ,सुनील राठौर ,धर्मेंद्र सैनी, उदय भान मलिक, रणवीर सिंह,अंकुश,अशोक पावड़िया, शीशपाल सिंह चौहान आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

